जेम बॉर्स की स्थापना हेतु बैठक का आयोजन

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2022 को राजस्थान के जयपुर में जेम बॉर्स की स्थापना के लिये राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई।

प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने राजीव अरोड़ा से आग्रह किया कि जौहरी बाजार में स्थित जेम्स एंड ज्वैलरी व्यापार को व्यापक रूप देने के लिये सीतापुरा में जेम बॉर्स स्थापना की जाए।
- इसके लिये 15 लाख स्क्वायर मीटर का स्थान रियायती दरों पर आवंटन किया जाए, जिससे जैम्स एंड ज्वैलरी के समस्त छोटे-छोटे व्यापारियों को समुचित स्थान उपलब्ध हो सके और राजस्थान के निर्यात को बढ़ावा मिल सके।
- जेम बॉर्स की स्थापना से जयपुर से निर्यात को समुचित बढ़ावा मिलेगा एवं युवाओं को रोज़गार के नये अवसर मिलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/organization-of-meeting-for-establishment-of-gem-bourse